आइआइएम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुआ विचार-विमर्श



रांची. आइआइएम में सोमवार को भारत रत्न व देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया. निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये. उन्होंने बताया कि इससे शोध के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास होगा. नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के माध्यम से शोध कार्य में तेजी आयेगी.

Prabhat Khabar, 12.11.2019, Pg. 19